**त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी**

# जिले में कोई भी आयोजन बिना अनुमति के नहीं किए जा सकेंगे

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न कराने एवं लोक प्रशांति कायम रखने, किसी अप्रिय स्थिति तथा जन-धन की हानि की रोकथाम के लिए तत्काल प्रभाव से जिले की सीमा क्षेत्र में आगामी आदेश तक दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार जिले के ग्रामीण सीमा क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का आग्नेय शस्त्रों, फायर आर्म्स एवं घातक शस्त्र सार्वजनिक रूप से नहीं निकलेगा, चाहे वह लायसेंसधारी ही क्यों न हो। जिले की ग्रामीण सीमा में कोई भी व्यक्ति अथवा सम्प्रदाय या समूह, राजनीतिक दल जिले के संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी से 24 घंटे पूर्व वैधानिक अनुमति प्राप्त किए बगैर किसी भी स्थान पर आमसभा, धरना, रैली, प्रदर्शन एवं बंद न तो आयोजित करेगा और ना ही इसके लिए प्रचार-प्रसार करेगा। ऐसी आमसभा, धरना, रैलियों में विस्फोटक पदार्थ लेकर उपस्थित नहीं होगा।

जिले में कोई भी व्यक्ति संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से विधिवत् अनुमति प्राप्त किए बगैर किसी भी वाहन पर झण्डे, बैनर, फ्लैक्स, बोर्ड, स्टीकर, लाउड स्पीकर आदि लगाकर अथवा बगैर लगाए भी चुनाव प्रचार नहीं करेगा। जिले में कोई भी आमसभा, ज़मावड़ा, आयोजन, जिसमें 5 या 5 से अधिक व्यक्ति शामिल हों, बिना संबंधित थाना प्रभारी, नगर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की सहमति से अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति के बिना आयोजित नहीं किए जा सकेंगे, किन्तु त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 के परिप्रेक्ष्य में रतलाम जिले में कोई आमसभा, पूर्व नियोजित आयोजन से भिन्न, विभिन्न क्षेत्रों में किया जाने वाला पैदल जनसम्पर्क जिसमें वाहन प्रतिबंधित होंगे, इस आदेश की परिधि में सम्मिलित नहीं होंगे। रात्रि 10.00 बजे बाद ध्वनि विस्तारक पर पूर्णरुपेण प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टोरेट परिसर में चार व्यक्तियों से अधिक के समूह को प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। यह आदेश कानून एवं व्यवस्था के लिए नियोजित अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। यदि कोई व्यक्ति उपर्युक्त आदेश का उल्लंघन करेगा तो वह भारतीय दण्ड संहिता 1973 की धार 188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध का दोषी होव उसे विधि के प्रावधानों के तहत अभियोजित कि जाएगा। स्वदेश

स्वदेश 7/12/21

# विदेश से रतलाम आने वालों की संख्या 42 पहुंची, आठ की रिपोर्ट निगेटिव

## सतर्कता : कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रान को लेकर जिले में अलर्ट जारी, 23 लोगों का आरटीपीसीआर सैंपल लिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रान को लेकर जिले में अलर्ट जारी होने के बाद जिले में विदेश से आने वाले पर कड़ी निगरानी हो रही है। अभी तक एक दिसंबर से छह दिसंबर तक विदेश यात्रा कर जिले में आने वालों की संख्या 42 पहुंच गई है। इनमें से 23 लोगों का आरटीपीसीआर सैंपल लिया जा चुका है और आठ की रिपोर्ट भी निगेटिव आ गई है।

स्वास्थ्य विभाग को विदेश से रतलाम आने वालों की सूची प्राप्त हो रही है। सूची में शामिल लोगों को तलाश कर आरटीपीसीआर जांच के लिए सैंपल लिए जा रहे हैं। जिनकी रिपोर्ट निगेटिव आ रही है, उन्हें भी होम आइसोलेट भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का अमला 14 दिन तक इन पर पैनी नजर रखेगा। कोरोना जिला नोडल अधिकारी डा. गौरव बोरीवाल ने बताया कि हाई रिस्क देशों से जिले में अब तक 42 लोगों के आने की सूचना मिल गई है। पूरी जानकारी लेने के बाद सात दिन के लिए होम आइसोलेट किया जा रहा है।

### विदेश यात्रा करने वालों के घर को बनाएंगे कंटेनमेंट जोन

अंतरराष्ट्रीय यात्रा से लौटकर जिले में आने वाले व्यक्तियों को क्वारंटाइन कर उनके घर को ही छोटे कंटेनमेंट बनाए जाएं। सात दिन बाद पूरे परिवार के सैंपल लेकर जांच कराई जाए। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के सभी एसडीएम को सोमवार को समयावधि पत्रों की बैठक में दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी रैपिड रिस्पांस टीमों को सक्रिय किया जाए। एसडीएम अपने क्षेत्र की आरआरटी की बैठक लेकर दिशा निर्देशित करें। वैक्सीनेशन समीक्षा में कलेक्टर ने बाजना क्षेत्र में कमजोर प्रगति पर नाराजगी व्यक्त कर एसडीएम कामिनी ठाकुर को सख्ती से निर्देशित किया कि बाजना क्षेत्र में अपेक्षित प्रगति लाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 1 लाख 13 हजार व्यक्तियों का वैक्सीनेशन अभी ड्यू चल रहा है। हम प्रत्येक सप्ताह 1 लाख के आसपास टीकाकरण कर रहे हैं। इस सप्ताह भी 1 लाख टीकाकरण किया जाना है। एसडीएम शहर अभिषेक गहलोत ने बताया कि रतलाम शहर में सोमवार को 30 टीमें लगाई गई हैं, इनमें 18 मोबाइल वाहन दल तथा 12 वैक्सीनेशन सेंटर है। नई.

### इस बार टीएएसकेएस प्लान पर रहेगा फोकस



मेडिकल कालेज में बैठक लेते डीन डा. जितेंद्र गुप्ता और उपस्थित डाक्टर्स। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में संभावित कोरोना की तीसरी लहर को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। सोमवार को डीन डा. जितेन्द्र गुप्ता ने सामुदायिक चिकित्सा विभाग के साथ बैठक की, जिसमें नए वैरिएंट ओमिक्रान के साथ कोरोना की रोकथाम, उपचार पर चर्चा की गई। सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डा. एसके लिखार के नेतृत्व में विभाग के सह-प्राध्यापक डा. उमेश सिन्हा तथा डा. ध्रुवेंद्र पांडे द्वारा कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विभाग की फेकल्टी भी उपस्थित रही। डीन डा. गुप्ता ने कहा कि पूर्व अनुभव के आधार पर नए वैरिएंट से निपटने के इंतजाम किए जाएंगे और मरीजों को बेहतर इलाज, प्रबंधन मिल सकेगा। योजना में टीएएसकेएस पर जोर दिया गया। टीएएसकेएस योजना में टी-ट्रीटमेंट, इसके तहत दो वेव से जो सीखा है, उसपर ध्यान देना तथा दवाइयों व अन्य सामग्रियों की पर्याप्त उपलब्धता। ए-ट्रेनिंग, जिसमें फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं को पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जाए तथा अवेयरनेस, जो कि पूरे समुदाय में हो। एस- सर्विलेंस, जिसके तहत कांटेक्ट ट्रेसिंग तथा नियमों का सख्ती से पालन। के - किसी भी प्रकार की भ्रम, भ्रांति और अनावश्यक तनाव से दूरी और एस- वैक्सीन के अलावा तमाम व्यक्तिगत सुरक्षा प्रबंधों का पालन करना एवं करवाया जाना है।




### जिला अस्पताल की ओपीडी में बढ़े सर्दी-खांसी में मरीज



जिला अस्पताल की ओपीडी में पर्ची प्राप्त करते हुए मरीज। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में एक सप्ताह से मौसम में तेजी से उतार चढ़ाव देखने में आया है। मावठे के चलते तेजी से तापमान गिरा, उसके बाद मौसम साफ होते ही वापस तापमान तेजी से ऊपर आया है। आसमान पर बादल अभी भी देखे जा रहे है, जिसके कारण मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। जिला अस्पताल की ओपीडी में एक बार फिर 1300 से अधिक मरीज रोज पहुंचने लगे है, इनमें सर्वाधिक मौसमी सर्दी-खांसी के है। एक सप्ताह पहले यह संख्या एक हजार के नीचे चल रही थी। सोमवार को जिला अस्पताल में 1380 मरीज पहुंचे। इसमें 500 से अधिक सर्दी-खांसी के मरीज शामिल है।

चिकित्सकों की माने तो मौसम में बदलाव पर ध्यान नहीं रखने से सर्दी खांसी के मरीज बढ़ गए है। जिला अस्पताल के चिकित्सकों का कहना है कि तीसरी लहर की आशंका से भी लोग थोड़ी भी सर्दी- खांसी होने पर अस्पताल भाग रहे है। बुखार से पीड़ित डेंगू के सामान्य लक्षण वाले मरीज अभी भी आ रहे हैं और प्लेटलेट्स भी चढ़ानी पड़ रही है। मानव सेवा समिति के ब्लड बैंक से भी नियमित 10 से 12 लोगों को प्लेटलेट्स दी जा रही है। समिति के अध्यक्ष मोहन पाटीदार मुरलीवाला ने बताया की पहली बार ऐसा हो रहा है कि नवंबर महीने में डेंगू के मरीजों को प्लेटलेट्स देना पड़ रही है।

> तापमान में तेजी से उतार चढ़ाव के चलते मानव शरीर पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पढ़ता है। दिन व रात, घर व बाहर के तापमान में संतुलन नहीं बनाएं रखने पर सर्दी खासी के मरीज ज्यादा आते हैं।
>
> -डा. आनंद चंदेलकर, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल रतलाम

### टीकाकरण में लापरवाही पर उपयंत्री निलंबित

टीकाकरण में लापरवाही पर लोनिवि उपयंत्री केएन कुमावत को कलेक्टर ने निलंबित कर दिया है। उपखंड जावरा के उपयंत्री कुमावत को आलोट विकासखंड में 24 नवंबर कोविड- 19 टीकाकरण महाअभियान के दौरान नोडल अधिकारी बनाया गया था। कुमावत सूचना के बावजूद अनुपस्थित रहे।

नईदुनिया 7/12/21



# जिले में धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

## निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न कराने एवं लोक प्रशांति क़ायम रखने, किसी अप्रिय स्थिति तथा जन-धन की हानि की रोकथाम के लिए तत्काल प्रभाव से जिले की सीमा क्षेत्र में आगामी आदेश तक दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार जिले के ग्रामीण सीमा क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का आग्नेय शस्त्रों, फायर आर्म्स एवं घातक अस्त्र-शस्त्र जैसे बंदूक, पिस्तौल, रिवाल्वर, बल्लम, खंजर, शमशीर लेकर नहीं चलेगा और ना ही किसी भी प्रकार का घातक हथियार जिनसे जनसाधारण को चोंट पहुंचाने के प्रयोग में लाया जा सकने का खतरा हो, धारित कर सार्वजनिक रुप से नहीं निकलेगा, चाहे वह लायसेंसधारी ही क्यों न हो। जिले की ग्रामीण सीमा में कोई भी व्यक्ति अथवा सम्प्रदाय या समूह, राजनीतिक दल जिले के संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी से 24 घंटे पूर्व वैधानिक अनुमति प्राप्त किए बगैर किसी भी स्थान पर आमसभा, धरना, रैली, प्रदर्शन एवं बंद न तो आयोजित करेगा और ना ही इसके लिए प्रचार-प्रसार करेगा। ऐसी आमसभा, धरना, रैलियों में विस्फोटक पदार्थ लेकर उपस्थित नहीं होगा।

जिले में कोई भी व्यक्ति संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से विधिवत् अनुमति प्राप्त किए बगैर किसी भी वाहन पर झण्डे, बैनर, फ्लेक्स, बोर्ड, स्टीकर, लाउड स्पीकर आदि लगाकर अथवा बगैर लगाए भी चुनाव प्रचार नहीं करेगा। जिले में कोई भी आमसभा, जमावड़ा, आयोजन, जिसमें 5 या 5 से अधिक व्यक्ति शामिल हों, बिना संबंधित थाना प्रभारी, नगर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की सहमति से अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति के बिना आयोजित नहीं किए जा सकेंगे, किन्तु त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 के परिप्रेक्ष्य में रतलाम जिले में कोई आमसभा, पूर्व नियोजित आयोजन से भिन्न, विभिन्न क्षेत्रों में किया जाने वाला पैदल जनसम्पर्क जिसमे वाहन प्रतिबंधित होंगे, इस आदेश की परिधि में सम्मिलित नहीं होंगे। रात्रि 10.00 बजे बाद ध्वनि विस्तारक पर पूर्णरुपेण प्रतिबंध रहेगा।

कलेक्टोरेट परिसर में चार व्यक्तियों से अधिक के समूह को प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। यह आदेश कानून एवं व्यवस्था के लिए नियोजित अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। यदि कोई व्यक्ति उपर्युक्त आदेश का उल्लंघन करेगा तो वह भारतीय दण्ड संहिता 1973 की धारा 188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध का दोषी होकर उसे विधि के प्रावधानों के तहत अभियोजित किया जाएगा।

राज एक्सप्रेस 8/12/21

कालिका माता बगीचे में प्रतिदिन आ रही भीड़

# नए संसाधन से सभी के आकर्षण का केंद्र बना उद्यान

पत्रिका सोशल प्राइड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com





रतलाम. शहर के कालिका माता बगीचे में नए संसाधन लगने के बाद बच्चों से लेकर वृद्ध की भीड़ लग रही है। यहां प्रतिदिन सुबह से लेकर शाम को परिवार आ रहे हैं। मनोरंजन के साथ - साथ शरीर को बेहतर बनाने के लिए लगे संसाधन आमजन को पसंद आ रहे है।

नगर निगम ने शहर में स्वच्छता अभियान 2022 के साथ - साथ आमजन की सेहत की भी चिंता की है। इसके लिए करीब 27 लाख रुपए की लागत से शहर के अलग-अलग उद्यान में कई प्रकार के संसाधन लगाए हैं। कोरोना के दौरान जो रोक - टोक लगी हुई थी, उससे अब शहर के अन्य बगीचों के साथ - साथ कालिका माता बगीचे में भी आमजन की भीड़ बढ़ गई है।

## इसलिए आती भीड़

असल में शहर के कालिका माता बगीचे में भीड़ आने की एक बड़ वजह भी है। यहां पर नगर निगम के कई तरह के आकर्षक झूले, फिसलपट्टी तो लगाई ही है इसके साथ - साथ शरीर के व्यायाम के लिए भी संसाधन लगाए हैं। इन दिनों सबसे अधिक घूटने में दर्द की समस्या की शिकायत सामने आती हैं। इसके राहत के लिए पेडल साइकल, कमर दर्द को राहत देने के लिए घुमावदार चकरी तो है ही इसके साथ - साथ पुशअप के संसाधन भी लगाए गए है। यही एक बड़ा कारण है कि यहां पर सुबह से लेकर देर शाम तक शहर के आमजन की भीड़ रहती है। यहां परिवार तो आ ही रहे है इनके अलावा युवा से लेकर युवतियों की भीड़ रहती है। इसके अलावा कई वृद्ध अपने पोते - पोती के साथ आते है।

कालिका माता बगीचे की सबसे बेहतर बात यह है कि यहां पर बच्चों के साथ - साथ बड़ों की चिंता करते हुए व्यायाम के संसाधन लगाए है। यह नवाचार ही सबसे अधिक पसंद आ रहा है।

**- पूर्णिमा परमार,** गृहणी

कोरोना काल के दौरान बच्चे घर में कैद रहे। अब जब सब खुल गया है तो यहां बच्चों के साथ आता हूं। बच्चे खुश हो जाते है।

**- एनडी शर्मा,** वृद्ध व्यक्ति

पत्रिका 7/12/21

यह डर अच्छा है... कॉलोनाइजरों ने प्रशासनिक सख्ती के आगे टेके घुटने

# गोशाला रोड पर अवैध कॉलोनी को रास्ता देने के लिए बनाई पुलिया, कॉलोनाइजरों ने अब रातोरात खुद तोड़ी

**निर्माण अनुमति निरस्त करने के बाद नगर निगम ने पुलिया तोड़ने के लिए दिया था 24 घंटे का समय, मंगलवार को होने वाली थी कार्रवाई**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बिना अनुमति गौशाला रोड पर अवैध कॉलोनी बना रहे कॉलोनाइजरों ने सरकारी नाले पर बनाई पुलिया को सोमवार रात खुद ही तोड़ डाला। निर्माण अनुमति नगर निगम शनिवार को ही निरस्त कर चुका है। अफसरों ने नई परमिशन 60 साल पहले बनाई पुरानी पुलिया के आधार पर दी थी। अनुमति निरस्त करने के साथ जमीन मालिक को नोटिस जारी हुआ था। इसमें पुलिया तोड़ने 24 घंटे का समय दिया था।

मंगलवार सुबह प्रशासन पुलिया तोड़ने की कार्रवाई करने वाला था। इसकी भनक लगते ही कॉलोनाइजरों ने जेसीबी से खुद रातों रात 12 फीट चौड़ी और 15 फीट लंबी सीमेंट कांक्रीट से बनाई पुलिया को तोड़ डाला। यह सब अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई का असर है। अब तक रुपयों के दम पर सबकुछ सेट करने का दावा करने वाले कॉलोनाइजरों ने अब घुटने टेकना शुरू कर दिया है। सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास ने बताया पुलिया बनाने के लिए दी परमिशन निरस्त कर चुके हैं।

**भास्कर इम्पैक्ट**

**गोशाला रोड पर डेवलप की जा रही अवैध कॉलोनी की जांच शुरू, ढूंढ रहे हैं एग्रीमेंट**

30 नवंबर को प्रकाशित खबर।

### 6 से 10 हजार रुपए वर्गफीट में बिक रहे थे प्लॉट, खरीदारों के लाखों रुपए अटके

भूमाफियाओं की इस करतूत से तगड़े मुनाफे के चक्कर में प्लॉट का सौदा करने वाले खरीदारों के लाखों रुपए अटक गए हैं। बताया जा रहा है कि टीएंडसीपी की बगैर परमिशन के लगभग 60 हजार वर्गफीट में अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसके लिए कॉलोनाइजरों ने कच्चा नक्शा भी बना लिया था, जिसमें तीन आकार के 28 प्लॉट काटे गए है। घनी आबादी वाले इलाके में होने से इनमें से 10 से 12 प्लॉट के 6 से 10 हजार रुपए वर्गफीट में सौदे भी हो चुके है। अनुमति नहीं होने से फिलहाल प्लॉटों को एंग्रीमेंट के आधार पर ही खरीदा और बेचा जा रहा है। भास्कर



गोशाला रोड पर अवैध कॉलोनी विकसित करने सरकारी नाले पर बनाई पुलिया को तोड़ती जेसीबी।

### परमिशन से भूमाफिया को बेची जमीन

दरअसल जब निगम ने पुलिया निर्माण की परमिशन दी थी, तब जिस जमीन पर कॉलोनी विकसित की जा रही है, उसके मालिक सत्यनारायण पालीवाल थे। पालीवाल ने 1961-62 में निजी उपयोग के लिए दी पुलिया बनाने की पुरानी परमिशन के आधार पर निगम से नई पुलिया परमिशन ले ली। बताया जा रहा है अनुमति के बाद यह जमीन अतुल बाफना (हाथी) और अनिल पुरोहित नामक ज्वेलर्स व अन्य भागीदारों को बेच दी। भूमाफिया ने प्लॉटों को ऊंची कीमत पर बेचने की तिकड़म भिड़ाते हुए योजनाबद्ध तरीके से गोशाला रोड से प्रवेश मार्ग बनाया। इसके लिए पहले रोड साइड का मकान खरीदा, उसे तोड़कर पुलिया बना दी।

दै. भास्कर 7/12/21

# दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न कराने एवं लोक प्रशांति कायम रखने, किसी अप्रिय स्थिति तथा जन-धन की हानि की रोकथाम के लिए तत्काल प्रभाव से जिले की सीमा क्षेत्र में आगामी आदेश तक दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रति बंधात्मक आदेश जारी किए गए।

जारी आदेश के अनुसार जिले के ग्रामीण सीमा क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का आग्नेय शस्त्रों, फायर आर्म्स एवं घातक अस्त-शस्त्र जैसे बंदूक, पिस्तौल, रिवाल्वर, बल्लम, खंजर, शमशीर लेकर नहीं चलेगा और ना ही किसी भी प्रकार का घातक हथियार जिनसे जनसाधारण को चोंट पहुंचाने के प्रयोग में लाया जा सकने का खतरा हो, धारित कर सार्वजनिक रुप से नहीं निकलेगा, चाहे वह लायसेंसधारी ही क्यों न हो। जिले की ग्रामीण सीमा में कोई भी व्यक्ति अथवा सम्प्रदाय या समूह, राजनीतिक दल जिले के संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी से 24 घंटे पूर्व वैधानिक अनुमति प्राप्त किए बगैर किसी भी स्थान पर आमसभा, धरना, रैली, प्रदर्शन एवं बंद न तो आयोजित करेगा और ना ही इसके लिए प्रचार-प्रसार करेगा। ऐसी आमसभा, धरना, रैलियों में विस्फोटक पदार्थ लेकर उपस्थित नहीं होगा।

जिले में कोई भी व्यक्ति संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से विधिवत अनुमति प्राप्त किए बगैर किसी भी वाहन पर झण्डे, बैनर, फ्लेक्स, बोर्ड, स्टीकर, लाउड स्पीकर आदि लगाकर अथवा बगैर लगाए भी चुनाव प्रचार नहीं करेगा। जिले में कोई भी आमसभा, जमावडा, आयोजन, जिसमें 5 या 5 से अधिक व्यक्ति शामिल हों, बिना संबंधित थाना प्रभारी, नगर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की सहमति से अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति के बिना आयोजित नहीं किए जा सकेंगे, किन्तु त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 के परिप्रेक्ष्य में रतलाम जिले में कोई आमसभा, पूर्व नियोजित आयोजन से भिन्न, विभिन्न क्षेत्रों में किया जाने वाला पैदल जनसम्पर्क जिसमे वाहन प्रतिबंधित होंगे, इस आदेश की परिधि में सम्मिलित नहीं होंगे। रात्रि 10 बजे बाद ध्वनि विस्तारक पर पूर्णरुपेण प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टोरेट परिसर में चा[र] व्यक्तियों से अधिक के समूह को प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। यह आदेश कानून एवं व्यवस्था के लिए नियोजित अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। यदि कोई व्यक्ति उपर्युक्त आदेश का उल्लंघन करेगा तो वह भारतीय दण्ड संहिता 1973 की धारा 188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध का दोषी होकर उसे विधि के प्रावधानों के तहत अभियोजित किया जाएगा।

अवन्तिका

अवन्तिका 7/12/21

# रतलाम में चुनाव की तैयारियां

**रतलाम, नप्र।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आचार संहिता लागू होते ही रतलाम प्रशासन भी तैयारियों में जुट गया है। विश्राम भवनों को आरक्षित रखने के अलावा आचार संहिता के नियमों का पालन करवाने के लिए एमसीसी टीमों का गठन किया है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आचार संहिता लागू होने पर विश्राम भवनों को आरक्षित रखने संबंधी आदेश जारी किया है। चुनाव की घोषणा दिनांक से परिणाम घोषित होने की दिनांक तक की अवधि में लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, वन विभाग के अलावा विद्युत मंडल, सज्जन मिल तथा इप्का लेबोरेटरीज के विश्राम गृह और विश्राम भवनों को आरक्षित रखने को कहा है। ये भवन चुनाव काम के लिए संबंधित अधिकारियों के लिए आरक्षित रखे जाएंगे। इनका आवंटन की प्राथमिकता में निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक, आयुक्त मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग एवं उनके कार्यालय के अधिकारी तथा चुनाव काम से संबंधित अधिकारी शामिल रहेंगे। इसी क्रम में चुनाव से संबंधित कामों के संपादन के लिए नगर पालिक निगम रतलाम के आंबेडकर मांगलिक भवन और स्टेडियम को भी अधिग्रहित किया है।

**अधिकारी अधिकृत-** विभिन्न कामों की अनुमति जारी करने के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को भी अधिकृत किया है। जारी आदेश के अनुसार सभी एसडीएम अपने अनुविभाग मुख्यालय के चुनाव क्षेत्र के लिए तथा विकासखंड पिपलौदा तथा बाजना चुनाव क्षेत्रों के लिए संबंधित तहसीलदार एवं रिटर्निंग ऑफीसर पंचायत को अधिकृत किया है। संबंधित एसडीएम, तहसीलदार एवं रिटर्निंग ऑफीसर परीक्षण उपरांत राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक अनुमति जारी करेंगे। इसके लिए सिंगल विंडो सिस्टम स्थापित किया जाकर अनुमति जारी की जाएगी। विभिन्न अनुमतियों में वाहन उपयोग चुनाव प्रचार के लिए जुलूस या रैली निकालने, सभा आयोजित करने तथा हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति, चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों, राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार के लिए लोकल केबल पर चुनाव संबंधी सूचना के प्रसारण की अनुमति तथा चुनाव काम के लिए संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में उपयोग में आने वाले वाहनों में पीओएस, पेट्रोल पंप से भरवाने के लिए क्रेडिट जारी करने की अनुमति शामिल है।

**एमसीसी टीमों का गठन-** आदर्श आचरण संहिता में निहित निर्देशों के पालन कराने तथा चुनाव को कराने के लिए एमसीसी टीम का गठन किया है। सभी विकासखंडों में एमसीसी दल काम करेंगे। दल में संबंधित एसडीएम, तहसीलदार के अलावा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा थाना प्रभारी को शामिल किया गया है। चुनाव को देखते हुए कलेक्टर ने शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है।

प्रभातकिरण 8/12/21

## अनुमति जारी करने के लिए अधिकारी अधिकृत

रतलाम। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021 के तहत विभिन्न कार्यों की अनुमति जारी करने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। जारी आदेश के अनुसार सभी एसडीएम अपने अनुविभाग मुख्यालय के निर्वाचन क्षेत्र के लिए तथा विकासखंड पिपलौदा तथा बाजना निर्वाचन क्षेत्रों के लिए संबंधित तहसीलदार एवं रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत को अधिकृत किया गया है। संबंधित एसडीएम, तहसीलदार एवं रिटर्निंग ऑफिसर परीक्षण उपरांत राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक अनुमति जारी करेंगे। इसके लिए सिंगल विंडो सिस्टम स्थापित किया जाकर अनुमति जारी की जाएगी। विभिन्न अनुमतियों में वाहन उपयोग चुनाव प्रचार के लिए जुलूस या रैली निकालने, सभा आयोजित करने तथा हेलीपेड पर हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों, राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार के लिए लोकल केबल पर निर्वाचन संबंधी सूचना के प्रसारण की अनुमति तथा निर्वाचन कार्य हेतु संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में उपयोग में आने वाले वाहनों में पीओएस, स्थानीय पेट्रोल पंप से भरवाने हेतु क्रेडिट जारी करने की अनुमति शामिल है। सिंघम-6

## अवकाश प्रतिबंधित

रतलाम। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आदेश जारी किया जाकर शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर विकास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रतलाम की सहमति के बिना किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जा सकेगा। अवकाश स्वीकृति के लिए प्रकरण सिर्फ उसी स्थिति में अनुशंसित किया जाएगा जब अत्यावश्यक हो।

# विश्राम भवनों को आरक्षित रखने के निर्देश

**सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम**

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021 आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने विश्राम भवनों को आरक्षित रखने संबंधी आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार निर्वाचन की घोषणा दिनांक से निर्वाचन के परिणाम घोषित होने की दिनांक तक की अवधि में रतलाम जिले के विभिन्न विभागों लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, वन विभाग, मध्यप्रदेश विद्युत मंडल, सज्जन मिल या इप्का लेबोरेटरीज के विश्राम गृह, विश्राम भवनों को निर्वाचन कार्य से संबंधित अधिकारियों के लिए आरक्षित रखा जाएगा। इनके आवंटन की प्राथमिकता में क्रमशः निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक, आयुक्त मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग एवं उनके कार्यालय के अधिकारी तथा निर्वाचन कार्य से संबंधित अधिकारी रहेंगे। इसी क्रम में निर्वाचन से संबंधित कार्यों के संपादन के लिए नगर पालिक निगम रतलाम के आंबेडकर मांगलिक भवन, स्टेडियम को भी अधिग्रहित किया गया है। सिंघम-6

सिंघम - 6/12/21

घर पर बनाए जाएंगे छोटे कंटेनमेंट क्षेत्र, सात दिन बाद पूरे परिवार की होगी जांच

# कोरोना के नए वायरस को लेकर अलर्ट: अंतरराष्ट्रीय यात्र कर 60 से अधिक लोग लौटे रतलाम, सभी रिपोर्ट नेगेटिव

पत्रिका
महामारी से
महामुकाबला

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. अंतरराष्ट्रीय यात्रा कर रतलाम आने वाले व्यक्तियों को अब फिर से क्वॉरंटाइन किया जाएगा। कोरोना के नए वायरस के खतरे को भापते हुए रतलाम में प्रशासन ने सख्ती बरतना शुरू कर दी है। ऐसे में विदेश से आने वाले लोगों के घर पर छोटे कंटेनमेंट बनाए जाएंगे। इतना ही नहीं उनके लौटने के सात दिन बाद पूरे परिवार के सैंपल लेकर उनकी जांच कराई जाए। यह निर्देश सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी एसडीएम को दिए।



रतलाम में बीते कुछ दिनों के भीतर 60 से अधिक लोग विदेश यात्रा करके रतलाम लौटे है। हालाकि इनमें से अधिकांश लोग दुबई से आए है, फिर भी ऐहतियात के तौर पर स्वास्थ्य विभाग की द्वारा संबंधित व्यक्तियों के लिए गए और उनकी जांच की जिसमें सभी की रिपोर्ट नेगेटिव से स्वास्थ्य विभाग के सा प्रशासन ने भी राहत की सांस वहीं अब जो नए लोग विदे रतलाम आएंगे उन्हे क्वा किया जाएगा। कलेक्टर ने रैपिड रिस्पांस टीमों को सक्रिय के निर्देश देते हुए सभी एसडी उनके क्षेत्र की आरआरटी की लेकर इस संबंध में दिशा निर्दे करने की बात भी कही हैं।

पत्रिका 7/12/21

**सुधरेगा ट्रैफिक** • जवाहरनगर टू-लेन से कस्तूरबानगर वाले सीधे पहुंचेंगे दो बत्ती

# पोस्ट ऑफिस रोड और शास्त्रीनगर क्षेत्र में फोरलेन, जवाहर नगर में टू-लेन की तैयारी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

2023 खत्म होने से पहले शहर की पांच प्रमुख सड़कें महानगरों की तरह चौड़ी हो जाएगी। इन पर 52 करोड़ खर्च होंगे। नगर निगम 16.3 करोड़ से तीन सड़कें बनाएगा। इनमें से दो सड़क फोरलेन, जबकि एक टू-लेन बदलेगी। सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकीज चौराहा तक फोरलेन बनने से दो बत्ती होकर सैलाना बस स्टैंड तक का सर्कल पूरा हो जाएगा। शास्त्री नगर रोड को फोरलेन बनने से पावर हाउस रोड और न्यू रोड का यातायात डायवर्ट होगा। जवाहर नगर अंबे माता चौक से जूनियर रेलवे इंस्टिट्यूट तक की टू-लेन रोड बनने से पटरी पार के इलाकों के शहर के मुख्य दो बत्ती चौराहा की बेहतर कनेक्टिविटी मिल जाएगी। अभी यह रोड लक्ष्मणपुरा समेत कुछ जगह से संकरा है, रहवासी सैलाना बस स्टैंड या रेलवे कॉलोनी से आवाजाही कर रहे हैं। जावरा फाटक अंडरब्रिज से सेजावता फंटा और संत रविदास चौक से करमदी तक की सड़क को फोरलेन बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। इन पर 35 करोड़ खर्च होंगे। जानकारी सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास ने दी।

**सुविधा :** सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकीज तक रोड बनने से पूरा होगा फोरलेन का सर्कल

## फोरलेन : शास्त्रीनगर में



शास्त्री नगर मेनरोड

| लंबाई | चौड़ाई | लागत |
|---|---|---|
| 510 मीटर | 14 मीटर | 3.8 करोड़ |

**कैसी बनेगी -** फुटपाथ, सेंट्रल लाइटिंग
**अभी क्या स्थिति -** मिनी स्मार्ट प्रोजेक्ट में साइडिंग की खुदाई के बाद से काम बंद, पर्याप्त चौड़ाई इसलिए अतिक्रमण नहीं हटाना पड़ेगा।

## फोरलेन : पोस्ट ऑफिस रोड



सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकीज चौराहा

| लंबाई | चौड़ाई | लागत |
|---|---|---|
| 385 मीटर | 14 मीटर | 3 करोड़ |

**कैसी बनेगी -** फुटपाथ, सेंट्रल लाइटिंग
**अभी क्या स्थिति -** सड़क के गायत्री टॉकीज वाली तरफ दुकान के आगे और एमसीएम वाली तरफ भी गुमटियां व अन्य का अस्थाई अतिक्रमण, इससे जाम होता रहता है।

## टू-लेन : रेलवे इंस्टीट्यूट तक



जवाहर नगर से जूनियर रेलवे इंस्टिट्यूट

| लंबाई | चौड़ाई | लागत |
|---|---|---|
| 1700 मी. | 9-10 मी. | 9.5 करोड़ |

**कैसी बनेगी -** उपलब्ध चौड़ाई के अनुसार
**अभी क्या स्थिति -** जवाहर नगर वाले हिस्से में पर्याप्त चौड़ाई, लक्ष्मणपुरा वाले इलाके में कच्चे-पक्के अस्थाई अतिक्रमण के कारण रोड संकरी है। इसे हटाना पड़ेगा।

**अधूरा बाजना रोड भी जल्द बनने लगेगा**

तीन साल से अधूरा पड़ा बाजना रोड भी जल्द पूरा हो जाएगा। बीच में अलग-अलग छूटे हुए लगभग 5.50 किमी रोड बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी ने टेंडर कर दिए हैं। इस पर 16 करोड़ खर्च होंगे। सहायक यंत्री पीके राय के अनुसार शासन से टेंडर को मंजूरी मिलते ही ठेकेदार काम शुरू कर देगा। बता दें कि बीच में फॉरेस्ट भूमि आने के कारण बाजना रोड का काम अधूरा पड़ा था। जमीन के बदले जमीन मिलने के बाद रास्ता साफ हो गया है।

भास्कर

दै. भास्कर 7/12/21

धन्यवाद मध्यप्रदेश अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

# स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य की जननी



सार्वजनिक शौचालयों के संचालक का सम्मान करते हुए निगमकर्मी। •नईदुनिया

रतलाम। स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य की जननी है। लोग अपना परिसर व आसपास साफ सफाई रखेंगे तो और लोग भी सफाई के प्रति जागरूक होंगे। शासन के निर्देश पर धन्यवाद मध्यप्रदेश अभियान का मतलब भी ये था कि लोग स्वच्छता में अपनी भागीदारी निभाएं। हम सबको एकजुट होकर ऐसे प्रयास करना होंगे कि आने वाले वर्ष में हमारा रतलाम भी स्वच्छता के मामले में देश के अन्य शहरों से अव्वल रहे।

यह बात नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी ने कही। स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के परिणामों के बाद संचालनालय नगरीय प्रशासन व विकास के निर्देश पर आयोजित धन्यवाद मध्यप्रदेश अभियान के तहत सोमवार को शहर के चारों जोन में स्थित सार्वजनिक शौचालयों के संचालकों का सम्मान किया गया। निगमकर्मियों और सफाई मित्र समूह की टीम ने संचालकों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। इसके बाद उन्हें फूलमालाओं के साथ मिठाई व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, विराट मेहरा, मोनिका चौहान, सफाई मित्र समूह के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

**नीमच।** अंकुर कार्यक्रम अंतर्गत जिला पंचायत सीईओ नोडल अधिकारी अंकुर कार्यक्रम गुरुप्रसाद के मार्गदर्शन में वेरिफायर्स [illegible]शिक्षण आयोजित किया गया।

नईदुनिया 7/12/21

# ...र दिखा... लोगों ने पहने मास्क, विदेश से लौटने वाले लोगों के घर बनेंगे छोटे कंटेनमेंट



...र को सख्ती दिखी है। इधर, लोगों पर असर दिखा, कई लोग मास्क पहने हुए नजर ... कार्रवाई की गई। इधर, अंतरराष्ट्रीय यात्रा से लौटकर जिले में आने वाले लोगों को ...लेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा है। विदेश से आने वाले लोगों के घर छोटे कंटेनमेंट ...त दिन बाद पूरे परिवार के सैंपल लेकर जांच कराई जाएगी। फोटो - चिंटू मेहता

## बिना मास्क लगाए घूम रहे थे, 17 लोगों पर किया जुर्माना

**रतलाम** | कोविड की तीसरी लहर की आशंका के चलते बिना मास्क घूमने वालों के खिलाफ मुहीम तेज हो गई है। सोमवार को नगर निगम के अमले ने सैलाना बस स्टैंड, दो बत्ती, राम मंदिर, माणकचौक क्षेत्र में ऐसे 17 व्यक्तियों को पकड़ा। प्रत्येक से 100 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इधर स्वच्छता अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने पर 12 व्यक्तियों पर स्पॉट फाइन भी लगाया। इनमें अश्विन बाजना बस स्टैंड पर 200 रुपए, अमित गोशाला रोड, बबलू, अजय लक्कड़पीठा रोड, रिंकू जैन, संग्राम सिंह सागोद रोड पर 100 रुपए, दीपक, राहुल, अशोक, कालूराम गोशाला रोड, लखन बाजना बस स्टैंड, अमित सागोद रोड पर 50 रुपए का स्पॉट फाइन वसूला। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया नागरिक गंदगी फैलाने वालों की जानकारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह (7471144930) और जोन प्रभारी पर्वत हाड़े (7471144931) को दे सकते हैं।

## दुल्हन बनी ममता को लगाई वैक्सीन



**आलोट** | राष्ट्रीय टीकाकरण महाअभियान के तहत सोमवार को पिपलिया सिसौदिया में टीकाकरण अभियान चला। जहां डोर-टू-डोर जाकर टीके से वंचित लोगों को वैक्सीन लगाई गई। इसी दौरान दल दुल्हन बनी ममता पाटीदार के घर पहुंचा। जहां दुल्हन पाटीदार को दूसरा डोज लगाकर कोरोना कवच दिया। इस मौके पर आनंद चावला, फिरोज खान, रमेशचंद्र पाटीदार, कुसुम तेजाला, सरोज व्यास, ओमप्रकाश तेजाला, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

द. भास्कर 7/12/21

# सख्ती का असर दिखा... लोगों ने पहने मास्क, विदेश से लौटने वाले



रतलाम | मास्क को लेकर शहर में सोमवार को सख्ती दिखी है। इधर, लोगों पर असर दिखा, कई लोग मास्क पहने हुए नजर आए। महाराणा प्रताप चौराहे पर चालानी कार्रवाई की गई। इधर, अंतरराष्ट्रीय यात्रा से लौटकर जिले में आने वाले लोगों को क्वॉरेंटाइन किया जाएगा। सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा है। विदेश से आने वाले लोगों के घर छोटे कंटेनमेंट बनाए जाएंगें। उनके लौटने के सात दिन बाद पूरे परिवार के सैंपल लेकर जांच कराई जाएगी। फोटो - चिंटू मेहता

## बिना मास्क लगाए घूम रहे थे, 17 लोगों पर किया जुर्माना

रतलाम | कोविड की तीसरी लहर की आशंका के चलते बिना मास्क घूमने वालों के खिलाफ मुहीम तेज हो गई है। सोमवार को नगर निगम के अमले ने सैलाना बस स्टैंड, दो बत्ती, राम मंदिर, माणकचौक क्षेत्र में ऐसे 17 व्यक्तियों को पकड़ा। प्रत्येक से 100 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इधर स्वच्छता अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने पर 12 व्यक्तियों पर स्पॉट फाइन भी लगाया। इनमें अश्विन बाजना बस स्टैंड पर 200 रुपए, अमित गोशाला रोड, बबलू, अजय लक्कड़पीठा रोड, रिंकू जैन, संग्राम सिंह सागोद रोड पर 100 रुपए, दीपक, राहुल, अशोक, कालूराम गोशाला रोड, लखन बाजना बस स्टैंड, अमित सागोद रोड पर 50 रुपए का स्पॉट फाइन वसूला। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया नागरिक गंदगी फैलाने वालों की जानकारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह (7471144930) और जोन प्रभारी पर्वत हाड़े (7471144931) को दे सकते हैं।



आलोट । राष्ट्रीय टीकाकरण
डोर जाकर टीके से वंचित
पाटीदार को दूसरा डोज लगा
तेजाला, सरोज व्यास, ओम

दै. भास्कर 7/12/21

# पांच दिन में विदेश से 22 लोग आए रतलाम



## 14 दिन निगरानी में रहेंगे

सिंघम रिपोर्टर ▫ रतलाम

कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन को लेकर जिले में अलर्ट जारी होने के बाद एक दिसंबर से पांच दिसंबर तक विदेश यात्रा कर जिले में आने वाले 23 लोगों की सूची रविवार को स्वास्थ्य विभाग को दी गई है। स्वास्थ्य विभाग का अमला 14 दिन तक इन पर पैनी नजर रखेगा। एयरपोर्ट में कोरोना की रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद जिला स्तर पर दो बार सैंपल जांच कराई जाएगी। रविवार रात तक 15 लोगों तक स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंच गई थी और सभी के आरटीपीसीआर जांच के लिए सैंपल लिए गए।

कुवैत, सऊदी अरब, कनाडा, लंदन की यात्रा करके 22 लोग रतलाम शहर में आए हैं और एक व्यक्ति जावरा का है। एयरपोर्ट में इनके लिए गए सैंपल की रिपोर्ट निगेटिव आई है। विदेश से आने वाले लोगों पर पैनी नजर रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस पर विभाग ने काम भी शुरू कर दिया है। कोरोना जिला नोडल अधिकारी डा. गौरव बोरीवाल ने बताया कि हाई रिस्क देशों जिले में अब तक 23 लोगों के आने की सूचना मिल गई है। पूरी जानकारी लेने के बाद सात दिन के लिए होम आइसोलेट किया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम उनके संपर्क में रहेगी। आठवें दिन फिर उनका आरटीपीसीआर सैंपल लेकर जांच की जाएगी। रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद सात दिन फिर नजर रखी जाएगी और वे खुद आइसोलेट रहेंगे। वहीं पाजिटिव आने पर इलाज के लिए शिफ्ट कर सैंपल जीनोमसिक्वेंसिंग के लिए भेजा जाएगा। सिंघम-6

### सैंपलिंग बढ़ाने के साथ संसाधन अपडेट कि

डा. बोरीवाल ने बताया कि कोरोना के तीसरी लहर की आशंका
ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल एवं मेडिकल कालेज अस्प
की सुविधाओं को अपडेट किया जा रहा है। ओमिक्रान के संक्र
मिलने से संक्रमण तेजी से फैलने की आशंका जताई जाने लग
प्रदेश शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग उपचार की सुविधाओं
समीक्षा कर रहा है। इसको लेकर रविवार को भी सीएमएचओ
अधिकारियों के साथ बैठक की। आइसीयू, आइसोलेशन वार्ड, उ
के लिए आवश्यक दवाओं, वेंटिलेटर आदि के पर्याप्त इंतजाम पर
की गई। साथ सैंपलिंग के टारगेट को बढ़ाने और नए सिरे से
का गठन करने की तैयारी है।

सिंघम 6/12/21

### कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश, सात दिन बाद परिवार की भी जांच कराई जाएगी

# विदेश से लौटने वाले होंगे क्वॉरंटाइन

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

अंतरराष्ट्रीय यात्रा से लौटकर जिले में आने वाले व्यक्तियों को क्वॉरंटाइन किया जाए। उनके घर छोटे कंटेनमेंट बनाए जाएं। उनके लौटने के सात दिवस पश्चात पूरे परिवार के सैंपल लेकर जांच कराई जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के सभी एसडीएम को दिए। कलेक्टर सोमवार को समयावधि पत्रों की बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी रैपिड रिस्पांस टीमों को सक्रिय किया जाए। एसडीएम अपने क्षेत्र की आरआरटी की बैठक लेकर दिशा निर्देशित करें। वैक्सीनेशन की समीक्षा में कलेक्टर ने बाजना क्षेत्र में कमजोर प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। एसडीएम श्रीमती कामिनी ठाकुर को सख्ती से निर्देशित किया कि बाजना क्षेत्र में अपेक्षित




प्रगति लाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 1 लाख 13 हजार व्यक्तियों का वैक्सीनेशन अभी ड्यू चल रहा है। हम प्रत्येक सप्ताह 1 लाख के आसपास टीकाकरण कर रहे हैं। इस सप्ताह भी 1 लाख टीकाकरण किया जाना है। एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत ने बताया कि रतलाम शहर में सोमवार को 30 टीमें लगाई गई हैं, इनमें 18 मोबाइल वाहन दल तथा 12 वैक्सीनेशन सेंटर है। २१५

**आदिवासी हितग्राहियों के ऋण प्रकरण दो दिवस में स्वीकृत करें:** बैठक में कलेक्टर ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना में आदिवासी हितग्राहियों को वाहन दिलवाने के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दो दिवस में उनके ऋण प्रकरणों को स्वीकृति दिलवाए। जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी को तत्परता से कार्य करने के लिए निर्दे[...] किया। बताया गया कि शासन [...] आदिवासी हितग्राहियों को ऋण प्रकरणों [...] मार्जिन मनी उपलब्ध कराई जा रही है।

### अधूरे बाजना रोड के लिए टेंडर [...]

बैठक में कलेक्टर द्वारा रतलाम-बा[...] के अधूरे रोड निर्माण को पूर्ण करने के [...] आवश्यक निर्देश लोक निर्माण विभाग [...] दिए। विभाग के सहायक यंत्री श्री रा[...] बताया कि बाजना रोड के बचे हुए लग[...] 5.50 किलोमीटर हिस्से के निर्माण हेतु [...] प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। लगभग [...] करो? रुपए के टेंडर को मंजूरी के [...] शासन को भेजा गया है। शासन [...] मंजूरी मिलते ही ठेकेदार द्वारा कार्य अ[...] कर दिया जाएगा। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम [...] जिले के बाजना-रावटी रोड सुधार के [...] भी पीएमजीएसवाई के महाप्रबंधक [...] आर.एस. तोमर तथा पीडब्ल्यूडी अधि[...] को उक्त सड़क का भ्रमण कर रिपोर्ट दे[...] निर्देश दिए।

राज एक्सप्रेस 7/12/21

## 74 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। सोमवार को 74 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 13810, ट्रैक्टर-ट्राली से 18905, काम्पेक्टर सूखा कचरा 19635, काम्पेक्टर गीला कचरा 21650 कुल 74000 किलो कचरा जुलवानिया ग्राउंड पहुंचाया गया।

## 5899 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत सोमवार तक 5899 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

नईदुनिया 7/12/21

निगम की कार्रवाई

# गंदगी पर 12 तो मास्क नहीं लगाने वाले 17 पर किया जुर्माना

## शहर में जागरुकता के लिए चल रहा निगम का अभियान



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में खुले में गंदगी करने वाले 12 लोग तो मास्क लगाए बगैर निकलने वाले 17 लोगों पर नगर निगम की स्पाट फाइल दल ने जुर्माना किया है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया खुले में गंदगी करने पर अश्विन बाजना बस स्टैण्ड पर 200, अमित गौशाला रोड, बबलू, अजय लक्कड़पीठा रोड, रिंकू जैन, संग्राम सिंह सागोद रोड पर 100-100, दीपक, राहूल, अशोक, कालूराम गौशाला रोड, लखन बाजना बस स्टैण्ड, अमित सागोद रोड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया। इसके अलावा बिना मास्क वाले 17 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने को कहा गया। पत्रिका

पत्रिका 7/12/21

## मास्क नहीं लगाने वाले 17 लोगों से वसूला जुर्माना

रतलाम। खुले में गंदगी करने पर अश्विन बाजना बस स्टैंड से 200, अमित गौशाला रोड, बबलू, अजय लक्कड़पीठा रोड, रिंकू जैन, संग्रामसिंह सागोद रोड से 100-100, दीपक, राहुल, अशोक, कालूराम गोशाला रोड, लखन बाजना बस स्टैंड, अमित सागोद रोड पर 50-50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल द्वारा सभी को गंदगी नहीं करने की समझाइश भी दी गई। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क लगाए घूमने वाले 17 व्यक्तियों से 100-100 रुपये का स्पाट फाइन वसूलकर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाइश दी गई।

नईदुनिया 7/12/21

कलेक्टर को शिकायत के आधार पर कार्रवाई

# आज गौशाला रोड की अवैध कॉलोनी में कार्रवाई करेगा दल

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. शहर में अवैध कॉलोनियों व अतिक्रमण के खिलाफ खुले मोर्चे के अंतर्गत नगर निगम मंगलवार को गौशाला रोड पर बनी एक अवैध कॉलोनी में बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी को अंतिम रुप सोमवार को देता रहा। निगम का लोकनिर्माण, राजस्व विभाग का अमला सहित, टीएनसीपी, प्रशासन का अमला मंगलवार सुबह करीब 9 बजे गौशाला रोड पहुंचेगा।

गौशाला रोड पर टीएनसीपी याने की टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से बगैर मंजूरी लिए कॉलोनी का विकास किया जा रहा है। यहां पर सरकारी पक्के नाले पर ही निर्माण कार्य कर दिया गया। रहवासी क्षेत्र में बन रही अवैध कॉलोनी में 60 हजार वर्गफीट भूमि पर करीब 28 प्लाट काटे गए है। इनकी कीमत 6 से 10 हजार रुपए वर्गफीट ली गई।

## एफआईआर भी होगी

जिस तरह पूर्व में अवैध कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ पुलिस प्रकरण दर्ज करवाए गए हैं, उसी अनुसार गौशाला रोड पर बन रही अवैध कॉलोनी के मामले में भी होगा। निगम के आला अधिकारियों के अनुसार पहले अवैध निर्माण तोड़कर प्रतिघंटा 15 हजार रुपए तोड़फोड का किराया लिया जाएगा उसके बाद पुलिस प्रकरण दर्ज करवाने की प्रक्रिया की जाएगी। इसके लिए भी तैयारी हो गई है। सोमवार को कलेक्टर द्वारा ली जाने वाली टीएल बैठक के बाद चर्चा हुई है।

हमने गौशाला रोड पर कॉलोनी की मंजूरी नहीं दी है। अगर कुछ निर्माण हो रहा है तो वो पूरी तरह से अवैध है।

**- जीएल वर्मा**, उपसंचालक टीएनसीपी

## सुबह तक इंतजार करें

नगर निगम शहर में हर अवैध कॉलोनी पर नियम अनुसार कार्रवाई करेगा। बात गौशाला रोड की हो या अन्य किसी स्थान की, बस मंगलवार सुबह तक इंतजार करें।

**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 7/12/21

कलेक्टर ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

# पंचायत चुनाव के दौरान धारा 144 का शिकंजा

## कलेक्ट्रेट में भी 4 से अधिक के प्रवेश पर रोक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। जिले में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने एवं लोक प्रशांति कायम रखने के लिए एक बार फिर से प्रशासन ने धारा 144 का सहारा लिया है। इसके तहत कलेक्टर एवं जिलादंडाधिकारी ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। ऐसे किए जाने के पीछे कारण किसी भी अप्रिय स्थिति तथा जन-धन की हानि की रोकथाम के लिए इसे तत्काल प्रभाव से लागू करना बताया गया।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के ग्रामीण सीमा क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का आग्नेय शस्त्रों, फायर आर्म्स एवं घातक अस्त-शस्त्र जैसे बंदूक, पिस्तौल, रिवाल्वर, बल्लम, खंजर, शमशीर लेकर नहीं चलेगा और ना ही किसी भी प्रकार का घातक हथियार जिनसे जनसाधारण को चोंट पहुंचाने के प्रयोग में लाया जा सकने का खतरा हो, धारित कर सार्वजनिक रूप से नहीं निकलेगा, चाहे वह लायसेंसधारी ही क्यों न हो।

जिले की ग्रामीण सीमा में कोई भी व्यक्ति, सम्प्रदाय या समूह, राजनीतिक दल जिले के संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी से 24 घंटे पूर्व वैधानिक अनुमति प्राप्त किए बगैर किसी भी स्थान पर आमसभा, धरना, रैली, प्रदर्शन एवं बंद न तो आयोजित करेगा और ना ही इसके लिए प्रचार-प्रसार करेगा। ऐसी आमसभा, धरना, रैलियों में विस्फोटक पदार्थ लेकर उपस्थित नहीं होगा।

## बिना अनुमति नहीं होगा चुनाव प्रचार

जिले में कोई भी व्यक्ति संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से विधिवत् अनुमति प्राप्त किए बगैर किसी भी वाहन पर झण्डे, बैनर, फ्लेक्स, बोर्ड, स्टीकर, लाउड स्पीकर आदि लगाकर या बगैर लगाए भी चुनाव प्रचार नहीं करेगा। कोई आमसभा, जिसमें 5 या 5 से अधिक व्यक्ति शामिल हो, बिना संबंधित थाना प्रभारी, सीएसपी, एएसपी से और एसडीएम की अनुमति के बिना निकाले जा सकेंगे।

## इन पर भी प्रतिबंध

जारी आदेशों के तहत बताया गया कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 के परिप्रेक्ष्य में जिले में कोई आमसभा, पूर्व नियोजित आयोजन से भिन्न, विभिन्न क्षेत्रों में किया जाने वाला पैदल जनसम्पर्क जिसमें वाहन प्रतिबंधित होंगे, इस आदेश की परिधि में सम्मिलित नहीं होंगे। रात्रि 10 बजे बाद ध्वनि विस्तारक पर प्रतिबंध रहेगा।

## यहां भी पाबंदी

कलेक्टोरेट परिसर में चार व्यक्तियों से अधिक के समूह को प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। इस आदेश के तहत कानून एवं व्यवस्था के लिए लगे अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। इनके अतिरिक्त यदि कोई व्यक्ति आदेश का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ धारा 188 के तहत कायमी की जाएगी।

पत्रिका 7/12/21

समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

# टेंडर मंजूर होते ही रतलाम-बाजना रोड का कार्य शुरू होगा- कलेक्टर

रतलाम ● स्वदेश समाचार

रतलाम-बाजना के अधूरे रोड निर्माण को पूरा करने के लिए कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की बैठक में संबंधित विभाग को निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि लगभग 5.50 किलोमीटर के हिस्से के निर्माण हेतु टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर 16 करोड़ रुपए के टेंडर की मंजूरी के लिए शासन को भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही कार्य शुरू हो जाएगा।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिले के बाजना-रावटी रोड सुधार के लिए भी पीएमजीएसवाई के महाप्रबंधक आर.एस. तोमर तथा पीडब्ल्यूडी अधिकारी को उक्त सड़क का भ्रमण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। विदेश यात्रा से लौटकर जिले में आने वाले व्यक्तियों को क्वॉरेंटाइन किया जाए। उनके घर छोटे कंटेनमेंट



बनाए जाएं। उनके लौटने के सात दिवस पश्चात पूरे परिवार के सैंपल लेकर जांच कराई जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के सभी एसडीएम को दिए।

## आदिवासी हितग्राहियों के ऋण प्रकरण दो दिवस में स्वीकृत करें

बैठक में कलेक्टर ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना में आदिवासी हितग्राहियों को वाहन दिलवाने के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दो दिवस में उनके ऋण प्रकरणों को स्वीकृति दिलवाए। जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी को तत्परता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बताया गया कि शासन द्वारा आदिवासी हितग्राहियों को ऋण प्रकरणों में मार्जिन मनी उपलब्ध कराई जा रही है।

## कृषि विभाग का कर्मचारी करेगा प्राइवेट दुकानों पर उर्वरक वितरण की निगरानी

बैठक में कलेक्टर द्वारा जिले में यूरिया सहित अन्य उर्वरकों की उपलब्धता की समीक्षा की गई। उपसंचालक कृषि श्री चौरसिया द्वारा बताया गया कि जिले में दो हजार मैट्रिक टन यूरिया वर्तमान में उपलब्ध है, एक-दो दिन में और भी रेक आ रहे हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यूरिया की कालाबाजारी नहीं हो। किसानों को निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित हो। जिले में प्राइवेट दुकानों द्वारा बेचे जाने वाले उर्वरक की निगरानी के लिए विभाग अपने कर्मचारियों की ड्यूटी दुकानों पर लगाएं।

## ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाए

बैठक में कलेक्टर द्वारा जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की नल-जल योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम सेमलिया में ठेकेदार द्वारा कार्य में ढिलाई बरतने की जानकारी दी जाने पर कलेक्टर ने ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने, उसको ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। धबाईपाड़ा नल-जल योजना के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री पी.के. गोगाँदे द्वारा बताया गया कि उक्त योजना में विद्युत कार्य चल रहा है, कलेक्टर ने कार्य निरीक्षण के निर्देश दिए।

## धामनोद, पिपलोदा, सैलाना के सीएमओ को बुलवाया

बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान शहरी विकास परियोजना अधिकारी अरुण पाठक द्वारा जानकारी दी गई कि आलोट, पिपलोदा तथा सैलाना में प्रगति कमजोर है। कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त स्थानों के नगर पालिका अधिकारियों को मंगलवार को रतलाम बुलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अब स्वच्छता में जिलों की भी रैंकिंग की जाएगी। इसके लिए आवश्यक है कि सभी नगर पालिका अधिकारियों द्वारा बेहतर कार्य किया जाए। इसके साथ ही जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक शीघ्र आहूत करने के लिए निर्देशित किया।

## निर्माण विभागों की समीक्षा आगामी दिनों में

कलेक्टर ने कहा कि जिले में विभिन्न निर्माण विभाग को द्वारा संचालित एवं संधारित किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त करने के लिए एक समीक्षा बैठक आगामी दिनों आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी प्राप्त की, सेतु निर्माण विभाग के अधिकारी द्वारा बैठक में बताया गया कि उनके द्वारा पुलों पर गड्ढा भराई एवं मरम्मत का कार्य आगामी दो दिनों में कर दिया जाएगा। बताया गया कि एनएचएआई द्वारा हाईवे पर मरम्मत, गड्ढों की भराई के लिए कार्य किया जाना है लेकिन अलग-अलग ठेकेदारों द्वारा पृथक-पृथक पैकेजेस में निर्मित की गई सड़कों के कारण ठेकेदारों को चिन्हित करने में कठिनाई आ रही है।

## रैपिड रिस्पांस टीमों को सक्रिय किया जाए

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी रैपिड रिस्पांस टीमों को सक्रिय किया जाए। एसडीएम अपने क्षेत्र की आरआरटी की बैठक लेकर दिशा निर्देशित करें। वैक्सीनेशन की समीक्षा में कलेक्टर ने बाजना क्षेत्र में कमजोर प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। एसडीएम श्रीमती कामिनी ठाकुर को सख्ती से निर्देशित किया कि बाजना क्षेत्र में अपेक्षित प्रगति लाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 1 लाख 13 हजार व्यक्तियों का वैक्सीनेशन अभी ड्यू चल रहा है। हम प्रत्येक सप्ताह 1 लाख के आसपास टीकाकरण कर रहे हैं। इस सप्ताह भी 1 लाख टीकाकरण किया जाना है। एसडीएम अभिषेक गहलोत ने बताया कि शहर में सोमवार को 30 टीमें लगाई गई हैं, इनमें 18 मोबाइल वाहन दल तथा 12 वैक्सीनेशन सेंटर हैं।

स्वदेश

स्वदेश 7/12/21

## अन्न उत्सव का आयोजन 7 व 8 दिसम्बर को

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार प्रतिमाह शासकीय उचित मूल्य दुकान पर अन्न उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में जिले में स्थित 523 उचित मूल्य दुकानों में से 468 उचित मूल्य दुकानों पर 7 व 8 दिसम्बर को प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक अन्न उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि जिन ग्रामों में उचित मूल्य दुकानें स्थित हैं उन दुकानों पर अन्न उत्सव दिवस पर कोविड टीकाकरण केन्द्र भी स्थापित किया जाए जिससे छूटे हुए हितग्राही को सुगमता से टीकाकरण किया जा सके। उचित मूल्य दुकान के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी आदि की आवश्यकता पड़ने पर क्षेत्र के संबंधित सहायक, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

## उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव का आयोजन 7 व 8 को

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार प्रतिमाह शासकीय उचित मूल्य दुकान पर अन्न उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में जिले में स्थित 523 उचित मूल्य दुकानों में से 468 उचित मूल्य दुकानों पर 7 व 8 दिसम्बर को प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक अन्न उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि जिन ग्रामों में उचित मूल्य दुकानें स्थित हैं उन दुकानों पर अन्न उत्सव दिवस पर कोविड टीकाकरण केन्द्र भी स्थापित किया जाए जिससे छूटे हुए हितग्राही को सुगमता से टीकाकरण किया जा सके। उचित मूल्य दुकान के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी आदि की आवश्यकता पड़ने पर क्षेत्र के संबंधित सहायक, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

## उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव का आयोजन

रतलाम ● कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार प्रतिमाह शासकीय उचित मूल्य दुकान पर अन्न उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में जिले में स्थित 523 उचित मूल्य दुकानों में से 468 उचित मूल्य दुकानों पर 7 व 8 दिसम्बर को प्रातः 9.00 से सायं 5.00 बजे तक अन्न उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि जिन ग्रामों में उचित मूल्य दुकानें स्थित हैं उन दुकानों पर अन्न उत्सव दिवस पर कोविड टीकाकरण केन्द्र भी स्थापित किया जाए जिससे छूटे हुए हितग्राही को सुगमता से टीकाकरण किया जा सके। उचित मूल्य दुकान के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी आदि की आवश्यकता पड़ने पर क्षेत्र के संबंधित सहायक, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

## उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव आज व कल

रतलाम। जिले में स्थित 523 उचित मूल्य दुकानों में से 468 दुकानों पर 7 व 8 दिसंबर को प्रातः 9.00 से शाम 5.00 बजे तक अन्न उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि जिन ग्रामों में उचित मूल्य दुकानें स्थित है उन दुकानों पर अन्न उत्सव दिवस पर कोविड टीकाकरण केंद्र भी स्थापित किया जाए, जिससे छूटे हुए हितग्राही का टीकाकरण किया जा सके।

## उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव का आयोजन 7 व 8 दिसम्बर को

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार प्रतिमाह शासकीय उचित मूल्य दुकान पर अन्न उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में जिले में स्थित 523 उचित मूल्य दुकानों में से 468 उचित मूल्य दुकानों पर 7 व 8 दिसम्बर को प्रातः 9.00 से सायं 5.00 बजे तक अन्न उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि जिन ग्रामों में उचित मूल्य दुकानें स्थित हैं उन दुकानों पर अन्न उत्सव दिवस पर कोविड टीकाकरण केन्द्र भी स्थापित किया जाए जिससे छूटे हुए हितग्राही को सुगमता से टीकाकरण किया जा सके। उचित मूल्य दुकान के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी आदि की आवश्यकता पड़ने पर क्षेत्र के संबंधित सहायक, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

## उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव आज से

भास्कर संवाददाता | रतलाम

उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव 7 और 8 दिसंबर को होगा। हर महीने शासकीय उचित मूल्य दुकान पर अन्न उत्सव का आयोजन किया जाता है। जिले में 523 उचित मूल्य दुकानों में से 468 उचित मूल्य दुकानों पर 7 व 8 दिसम्बर को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक अन्न उत्सव होगा।

कलेक्टर ने कहा है कि जिन गांव में उचित मूल्य दुकानें हैं उन दुकानों पर अन्न उत्सव दिवस पर कोविड टीकाकरण केंद्र स्थापित किया जाए। इससे छूटे हुए हितग्राही को सुगमता से टीकाकरण किया जा सके। उचित मूल्य दुकान के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी आदि की जरूरत पड़ने पर क्षेत्र के संबंधित सहायक, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

## निर्माण विभागों की समीक्षा आगामी दिनों

रतलाम। कलेक्टर ने कहा कि जिले में विभिन्न निर्माण विभाग को द्वारा संचालित एवं संधारित किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त करने के लिए एक समीक्षा बैठक आगामी दिनों आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी प्राप्त की, सेतु निर्माण विभाग के अधिकारी द्वारा बैठक में बताया गया कि उनके द्वारा पुलो पर गड्ढा भराई एवं मरम्मत का कार्य आगामी दो दिनों में कर दिया जाएगा। बताया गया कि एनएचएआई द्वारा हाईवे पर मरम्मत, गड्ढों की भराई के लिए कार्य किया जाना है लेकिन अलग-अलग ठेकेदारों द्वारा पृथक-पृथक पैकेजेस में निर्मित की गई सड़कों के कारण ठेकेदारों को चिन्हित करने में कठिनाई आ रही है।

## टीकाकरण में लापरवाही पर उपयंत्री निलंबित

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा कोरोना टीकाकरण कार्य में लापरवाही बरतने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री के.एन. कुमावत को निलंबित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि उपखंड जावरा के उपयंत्री कुमावत को आलोट विकासखंड में 24 नवंबर कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान के दौरान नोडल अधिकारी बनाया गया था परंतु राष्ट्रीय महत्व के कार्य पर कुमावत सूचना के बावजूद अनुपस्थित रहे, इससे उन्हें आवंटित केंद्रों का कार्य प्रभावित हुआ।

## उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव 7 व 8 को

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार प्रतिमाह शासकीय उचित मूल्य दुकान पर अन्न उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में जिले में स्थित 523 उचित मूल्य दुकानों में से 468 उचित मूल्य दुकानों पर 7 व 8 दिसम्बर को प्रात: 9.00 से सायं 5.00 बजे तक अन्न उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि जिन ग्रामों में उचित मूल्य दुकानें स्थित हैं उन दुकानों पर अन्न उत्सव दिवस पर कोविड टीकाकरण केन्द्र भी स्थापित किया जाए जिससे छुटे हुए हितग्राही को सुगमता से टीकाकरण किया जा सके।

नवभारत 7/12/21

## टीकाकरण कार्य में लापरवाही बरतने पर उपयंत्री निलंबित

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा कोरोना टीकाकरण कार्य में लापरवाही बरतने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री के.एन. कुमावत को निलंबित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि उपखंड जावरा के उपयंत्री कुमावत को आलोट विकासखंड में 24 नवंबर कोविड-19 टीका करण महा अभियान के दौरान नोडल अधिकारी बनाया गया था परंतु राष्ट्रीय महत्व के कार्य पर श्री कुमावत सूचना के बावजूद अनुपस्थित रहे।

अवन्तिका 7/12/21

**योजना लाभ** इस कार्ड की मदद से रजिस्टर्ड कामगार व्यक्ति देश में कहीं भी विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ ले सकेंगे

# शहर के वार्डों में ई-श्रम कार्ड बनना आरम्भ



**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

म.प्र. शासन द्वारा शहर के वार्डों में ई-श्रम कार्ड बनाने का काम आरम्भ कर दिया गया है। इस कार्ड की मदद से रजिस्टर्ड कामगार व्यक्ति देश में कहीं भी, कभी भी, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। साथ ही इस कार्ड का उद्देश्य फ्री दुर्घटना बीमा भी है।

नगर के लक्ष्मणपुरा वार्ड 2 में ई-श्रम कार्ड बनाने का कार्य भाजपा अम्बेडकर मण्डल अध्यक्ष श्री करण धीर्य बगोत्या तथा मंत्री श्रीमती किरण महावर की उपस्थिति में आयोजित किया गया। शिविर में करीब 120 कार्ड बनाए गए। श्रीमती किरण ने बताया कि जिस भी व्यक्ति द्वारा शिविर में पंजीयन करवाया गया है उसे तत्काल ही निःशुल्क ई-कार्ड बनाकर उपलब्ध करवाया जा रहा है। 16 से 60 वर्षीय उम्र वाले व्यक्ति को ही इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के लिए आधार संख्या, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, बैंक खाता की नकल आवश्यक है। इस अवसर पर कोली समाज अध्यक्ष दौलतराम महावर, चुन्नीलाल खंडेलवाल, नवीन पाल, मीनाक्षी पांचाल, ज्योति खंडेलवाल, गीतांजलि महावर, हेमराज, कमल गुरनानी, पूजा शर्मा, लोकेश जायसवाल आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

राज एक्सप्रेस 7/12/21

# शहर के वार्डों में ई-श्रम कार्ड बनना प्रारंभ

**रतलाम ●** म.प्र. शासन द्वारा शहर के वार्डों में ई-श्रम कार्ड बनाने का काम आरम्भ कर दिया गया है। इस कार्ड की मदद से रजिस्टर्ड कामगार व्यक्ति देश में कहीं भी, कभी भी विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। साथ ही इस कार्ड का उद्देश्य फ्री दुर्घटना बीमा भी है। नगर के लक्ष्मणपुरा वार्ड 2 में ई-श्रम कार्ड बनाने का कार्य भाजपा आंबेडकर मण्डल अध्यक्ष करणधीर्य बड़गोत्या तथा मंत्री श्रीमती किरण महावर की उपस्थिति में आयोजित किया गया। शिविर में करीब 120 कार्ड बनाए गए। श्रीमती किरण ने बताया कि जिस भी व्यक्ति द्वारा शिविर में पंजीयन करवाया गया है उसे तत्काल ही निःशुल्क ई-कार्ड बनाकर उपलब्ध करवाया जा रहा है। 16 से 60 वर्षीय उम्र वाले व्यक्ति को ही इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के लिए आधार संख्या, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, बैंक खाता की नकल आवश्यक है। इस अवसर पर कोली समाज अध्यक्ष दौलतराम महावर, चुन्नीलाल खंडेलवाल, नवीन पाल, मीनाक्षी पांचाल, ज्योति खंडेलवाल, गीतांजलि महावर, हेमराज, कमल गुरनानी, पूजा शर्मा, लोकेश जायसवाल आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

स्वदेश 7/12/21

# आदर्श आचरण संहिता के संबंध में कलेक्टर के निर्देश

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन कार्यक्रम के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू कर दी गई है। सभी अधिकारी, कर्मचारी आदर्श आचरण संहिता का पूरी तरीके से पालन करेंगे जो काम चल रहे हैं वह चलते रहेंगे। नवीन हितग्राही, नवीन कार्य तथा नवीन टेंडर नहीं किए जाएंगे। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान उक्त निर्देश समस्त जिला अधिकारियों को दिये।

**जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन की सामान्य जानकारी-** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के दौरान 16 जिला पंचायत सदस्य, 124 जनपद पंचायत सदस्य, 418 सरपंच एवं 7101 पंचों का निर्वाचन होना है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में जिले में कुल 7 लाख 26 हजार 908 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 3 लाख 66 हजार 187 है, महिला मतदाताओं की संख्या 3 लाख 60 हजार 709 है, अन्य मतदाताओ की संख्या 12 है।

**मतदान के लिये रहेगी इस प्रकार व्यवस्था-** पंच एवं सरपंच पद का निर्वाचन मतपत्र से एवं जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन ईव्हीएम के माध्यम से होगा। जिला पंचायत सदस्य के मतपत्र का रंग गुलाबी, जनपद पंचायत सदस्य के मतपत्र का रंग पीला, सरपंच के मतपत्र का रंग नीला एवं पंच के मतपत्र का रंग सफेद होगा। मतदान का समय प्रातः 7 से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। मतदाता की पहचान के लिये आयोग ने 23 पहचान पत्रों में से कोई एक पहचान पत्र लाना अनिवार्य किया है।

**मतगणना :** पंच एवं सरपंच पद की मतगणना मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात मतदान केन्द्रों पर की जायेगी। जबकि जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के पदों हेतु ईव्हीएम से मतगणना विकासखण्ड मुख्यालय पर की जायेगी। पंच - सरपंच पद की मतगणना का सारणीकरण एवं परिणाम की घोषणा विकासखण्ड मुख्यालय पर की जायेगी। वहीं जनपद पंचायत सदस्य के मतों का सारणीकरण एवं परिणाम की घोषणा विकासखण्ड मुख्यालय पर तथा जिला पंचायत सदस्य के लिये मतों का सारणीकरण विकासखण्ड स्तर पर करने के उपरान्त परिणाम की घोषणा मुख्यालय पर सारणीकरण के पश्चात की जायेगी।




**नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की व्यवस्था :** त्रि-स्तरीय पंचायत के विभिन्न पदों यथा पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य हेतु एकीकृत नाम निर्देशन पत्र (प्रारूप 4) में की जायेगी। जिला पंचायत सदस्य हेतु नाम निर्देशन पत्र जिला मुख्यालय पर, जनपद पंचायत सदस्य हेतु विकासखण्ड मुख्यालय पर तथा पंच एवं सरपंच पद हेतु विकासखण्ड मुख्यालय एवं क्लस्टर मुख्यालय पर लिये जायेंगे। इन क्लस्टर का गठन जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

**निक्षेप राशि रहेगी इस प्रकार :** नाम निर्देशन पत्र के साथ अभ्यर्थी को निक्षेप राशि जमा करना होगी। जिला पंचायत सदस्य के लिये 8 हजार रूपये, जनपद पंचायत सदस्य के लिये 4 हजार रूपये, सरपंच के लिये 2 हजार रूपये एवं पंच के लिये 4 सौ रूपये निर्धारित है। वहीं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला अभ्यर्थियों को निर्धारित उक्त राशि में से आधी राशि ही निक्षेप के रूप में जमा कराना होगा।

**देना होगा घोषणा पत्र :** पंच पद हेतु नाम निर्देशन पत्र के साथ अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा, जबकि शेष पद सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य हेतु निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये जाने के दौरान अभ्यर्थी के साथ अधिकतम 2 व्यक्ति ही रिटर्निंग आफिसर के कक्ष में प्रवेश कर सकते है। वहीं वाहनों की संख्या भी अधिकतम 2 ही हो सकती है। जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद पंचायत सदस्य के अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन हेतु ओलीन की वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अभ्यर्थी स्वयं लेपटाप/डेस्क्टाप से या साइबर कैफे/ कियोस्क सेंटर / लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से भी नाम निर्देशन पत्र भर सकते है। किन्तु इसकी हार्ड कापी निर्धारित समयावधि में रिटर्निंग आफिसर के समक्ष प्रस्तुत करना होगी।

**शिकायत निवारण की रहेगी विशेष व्यवस्था :** निर्वाचन संबंधित शिकायतो के त्वरित निराकरण हेतु आयोग के मुख्यालय पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष नम्बर 0755-2551076 है। वहीं जिला स्तर पर भी अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव के निर्देशन में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 9425359770 तथा सहायक नोडल अधिकारी श्री जगन प्रसाद वास्कले के मोबाइल क्रमांक 8770314499 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

**गैरदलीय आधार पर होगा निर्वाचन :** पंचायत निर्वाचन गैर दलीय आधार पर होगा, इसके लिये नियुक्त समस्त कर्मियों, राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों को आदर्श आचरण संहिता का पालन करना अनिवार्य होगा। सभा, रैली, जुलूस आदि के लिये सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त करना होगा। मतदान समाप्ति के 48 घण्टे के पूर्व सार्वजनिक सभा, जुलूस, रैली आदि पर प्रतिबंध रहेगा। अभ्यर्थी को प्रचार - प्रसार के दौरान कोविड गाईड लाईन का पालन करना होगा।

**कोविड से बचाव के रहेंगे प्रबंध :** कोविड संक्रमण से बचाव के लिये मतदान दल के सदस्यों को मास्क फेसशील्ड, ग्लब्स सैनेटाइजर दिये जायेंगे। वहीं मतदान केन्द्र पर प्रवेश करने के पूर्व मतदाताओं को हाथ साफ करने के लिये सैनेटाइजर, साबुन, पानी की व्यवस्था रहेगी। यदि कोई मतदाता कोविड संक्रमित है तो वह मतदान के अंतिम घण्टे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी के निर्देशन में मतदान करेंगे।

प्रसारण

प्रसारण 7/12/21

# ई-श्रम कार्ड बनना आरम्भ




रतलाम। मप्र शासन द्वारा शहर के वार्डों में ई-श्रम कार्ड बनाने का काम आरम्भ कर दिया गया है। इस कार्ड की मदद से रजिस्टर्ड कामगार व्यक्ति देश में कहीं भी, कभी भी विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। साथ ही इस कार्ड का उद्देश्य की दुर्घटना बीमा भी है। नगर के लक्ष्मणपुरा वार्ड 2 में ई-श्रम कार्ड बनाने का कार्य भाजपा अम्बेडकर मण्डल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या तथा मंत्री श्रीमती किरण महावर की उपस्थिति में आयोजित किया गया। शिविर में करीब 120 कार्ड बनाए गए। श्रीमती किरण ने बताया कि जिस भी व्यक्ति द्वारा शिविर में पंजीयन करवाया गया है उसे तत्काल ही नि:शुल्क ई-कार्ड बनाकर उपलब्ध करवाया जा रहा है। 16 से 60 वर्षीय उम्र वाले व्यक्ति को ही इस सुविधा का लाभ ले सकते है। ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के लिए आधार संख्या, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, बैंक खाता की नकल आवश्यक है। इस अवसर पर कोली समाज अध्यक्ष दौलतराम महावर, चुन्नीलाल खंडेलवाल, नवीन पाल, मीनाक्षी पांचाल, ज्योति खंडेलवाल, गीतांजलि महावर, हेमराज, कमल गुरनानी, पूजा शर्मा, लोकेश जायसवाल आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

प्रसारण

प्रसारण 7/12/21

## समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# अंतरराष्ट्रीय यात्रा से लौटने वालों को क्वारेंटाइन करें

प्रसारण न्यूज ◆ रतलाम



अंतरराष्ट्रीय यात्रा से लौटकर जिले में आने वाले व्यक्तियों को क्वारेंटाइन किया जाए। उनके घर छोटे कंटेनमेंट बनाए जाएं। उनके लौटने के सात दिवस पश्चात पूरे परिवार के सैंपल लेकर जांच कराई जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के सभी एसडीएम को दिए। कलेक्टर सोमवार को समयावधि पत्रों की बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी रैपिड रिस्पांस टीमों को सक्रिय किया जाए। एसडीएम अपने क्षेत्र की आरआरटी की बैठक लेकर दिशा निर्देशित करें। वैक्सीनेशन की समीक्षा में कलेक्टर ने बाजना क्षेत्र में कमजोर प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। एसडीएम श्रीमती कामिनी ठाकुर को सख्ती से निर्देशित किया कि बाजना क्षेत्र में अपेक्षित प्रगति लाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 1 लाख 13 हजार व्यक्तियों का वैक्सीनेशन अभी ड्यू चल रहा है। हम प्रत्येक सप्ताह 1 लाख के आसपास टीकाकरण कर रहे हैं। इस सप्ताह भी 1 लाख टीकाकरण किया जाना है। एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत ने बताया कि रतलाम शहर में सोमवार को 30 टीमें लगाई गई हैं, इनमें 18 मोबाइल वाहन दल तथा 12 वैक्सीनेशन सेंटर है।

### आदिवासी हितग्राहियों के ऋण प्रकरण दो दिवस में स्वीकृत करें

बैठक में कलेक्टर ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना में आदिवासी हितग्राहियों को वाहन दिलवाने के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दो दिवस में उनके ऋण प्रकरणों को स्वीकृति दिलवाए। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री एस.एच. चौधरी को तत्परता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बताया गया कि शासन द्वारा आदिवासी हितग्राहियों को ऋण प्रकरणों में मार्जिन मनी उपलब्ध कराई जा रही है।

### अधूरे बाजना रोड के लिए टेंडर हुए

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा रतलाम-बाजना के अधूरे रोड निर्माण को पूर्ण करने के लिए आवश्यक निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए। विभाग के सहायक यंत्री श्री राय ने बताया कि बाजना रोड के बचे हुए लगभग 5.50 किलोमीटर हिस्से के निर्माण हेतु टेंडर प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। लगभग 16 करोड़ रुपए के टेंडर को मंजूरी के लिए शासन को भेजा गया है। शासन से मंजूरी मिलते ही ठेकेदार द्वारा कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। कलेक्टर पुरुषोत्तम द्वारा जिले के बाजना-रावटी रोड सुधार के लिए भी पीएमजीएसवाई के महाप्रबंधक आर.एस. तोमर तथा पीडब्ल्यूडी अधिकारी को उक्त सड़क का भ्रमण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

### कृषि विभाग का कर्मचारी करेगा प्राइवेट दुकानों पर उर्वरक वितरण की निगरानी

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिले में यूरिया सहित अन्य उर्वरकों की उपलब्धता की समीक्षा की गई। उपसंचालक कृषि श्री चौरसिया द्वारा बताया गया कि जिले में दो हजार मैट्रिक टन यूरिया वर्तमान में उपलब्ध है, एक-दो दिन में और भी रेक आ रहे हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यूरिया की कालाबाजारी नहीं हो। किसानों को निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित हो। जिले में प्राइवेट दुकानों द्वारा बेचे जाने वाले उर्वरक की निगरानी के लिए विभाग अपने कर्मचारियों की ड्यूटी दुकानों पर लगाएं।

### सेमलिया नल-जल योजना में ठेकेदार पर कार्रवाई के दिए निर्देश

बैठक में कलेक्टर द्वारा जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की नल जल योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम सेमलिया में ठेकेदार द्वारा कार्य में ढिलाई बरतने की जानकारी दी जाने पर कलेक्टर ने ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने, उसको ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। घबाईपाड़ा नल जल योजना के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री पी.के. गोगादे द्वारा बताया गया कि उक्त योजना में विद्युत कार्य चल रहा है, कलेक्टर ने कार्य निरीक्षण के निर्देश दिए।

### धामनोद, पिपलोदा, सैलाना के सीएमओ को बुलवाया

बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान शहरी विकास परियोजना अधिकारी श्री अरुण पाठक द्वारा जानकारी दी गई कि आलोट, पिपलोदा तथा सैलाना में प्रगति कमजोर है। कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त स्थानों के नगर पालिका अधिकारियों को मंगलवार को रतलाम बुलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अब स्वच्छता में जिलों की भी रैंकिंग की जाएगी। आवश्यक है कि सभी नगर पालिका अधिकारियों द्वारा बेहतर कार्य किया जाए। इसके साथ ही जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक शीघ्र आहूत करने के लिए निर्देशित किया।

### निर्माण विभागों की समीक्षा आगामी दिनों

कलेक्टर ने कहा कि जिले में विभिन्न निर्माण विभाग को द्वारा संचालित एवं संधारित किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त करने के लिए एक समीक्षा बैठक आगामी दिनों आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी प्राप्त की, सेतु निर्माण विभाग के अधिकारी द्वारा बैठक में बताया गया कि उनके द्वारा पुलो पर गड्ढा भराई एवं मरम्मत का कार्य आगामी दो दिनों में कर दिया जाएगा। बताया गया कि एनएचएआई द्वारा हाईवे पर मरम्मत, गड्ढों की भराई के लिए कार्य किया जाना है लेकिन अलग-अलग ठेकेदारों द्वारा पृथक-पृथक पैकेजेस में निर्मित की गई सड़कों के कारण ठेकेदारों को चिन्हित करने में कठिनाई आ रही है। प्रसारण

प्रसारण 7/12/21

# पंचायत चुनाव के मद्देनज़र जिले में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न कराने एवं लोक प्रशांति कायम रखने, किसी अप्रिय स्थिति तथा जन-धन की हानि की रोकथाम के लिए तत्काल प्रभाव से जिले की सीमा क्षेत्र में आगामी आदेश तक दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार जिले के ग्रामीण सीमा क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का आग्नेय शस्त्रों, फायर आर्म्स एवं घातक अस्त-शस्त्र जैसे बंदूक, पिस्तौल, रिवाल्वर, बल्लम, खंजर, शमशीर लेकर नहीं चलेगा और ना ही किसी भी प्रकार का घातक हथियार जिनसे जनसाधारण को चोंट पहुंचाने के प्रयोग में लाया जा सकने का खतरा हो, धारित कर सार्वजनिक रुप से नहीं निकलेगा, चाहे वह लायसेंसधारी ही क्यों न हो। जिले की ग्रामीण सीमा में कोई भी व्यक्ति अथवा सम्प्रदाय या समूह, राजनीतिक दल जिले के संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी से 24 घंटे पूर्व वैधानिक अनुमति प्राप्त किए बगैर किसी भी स्थान पर आमसभा, धरना, रैली, प्रदर्शन एवं बंद न तो आयोजित करेगा और ना ही इसके लिए प्रचार-प्रसार करेगा। ऐसी आमसभा, धरना, रैलियों में विस्फोटक पदार्थ लेकर उपस्थित नहीं होगा।

प्रसारण

जिले में कोई भी व्यक्ति संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से विधिवत् अनुमति प्राप्त किए बगैर किसी भी वाहन पर झण्डे, बैनर, फ्लेक्स, बोर्ड, स्टीकर, लाउड स्पीकर आदि लगाकर अथवा बगैर लगाए भी चुनाव प्रचार नहीं करेगा। जिले में कोई भी आमसभा, जमावडा, आयोजन, जिसमें 5 या 5 से अधिक व्यक्ति शामिल हों, बिना संबंधित थाना प्रभारी, नगर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की सहमति से अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति के बिना आयोजित नहीं किए जा सकेंगे, किन्तु त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 के परिप्रेक्ष्य में रतलाम जिले में कोई आमसभा, पूर्व नियोजित आयोजन से भिन्न, विभिन्न क्षेत्रों में किया जाने वाला पैदल जनसम्पर्क जिसमे वाहन प्रतिबंधित होंगे, इस आदेश की परिधि में सम्मिलित नहीं होंगे। रात्रि 10.00 बजे बाद ध्वनि विस्तारक पर पूर्णरुपेण प्रतिबंध रहेगा।

कलेक्टोरेट परिसर में चार व्यक्तियों से अधिक के समूह को प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। यह आदेश कानून एवं व्यवस्था के लिए नियोजित अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। यदि कोई व्यक्ति उपर्युक्त आदेश का उल्लंघन करेगा तो वह भारतीय दण्ड संहिता 1973 की धारा 188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध का दोषी होकर उसे विधि के प्रावधानों के तहत अभियोजित किया जाएगा।

प्रसारण 7/12/21

# अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को रहना होगा क्वारंटाइन, छोटे कंटेनमेंट बनेंगे

रतलाम। अंतरराष्ट्रीय यात्रा से लौटकर जिले में आने वाले व्यक्तियों को क्वॉरेंटाइन किया जाए। उनके घर छोटे कंटेनमेंट बनाए जाएं। उनके लौटने के सात दिवस पश्चात पूरे परिवार के सैंपल लेकर जांच कराई जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के सभी एसडीएम को दिए।



## सभी रैपिड रिस्पांस टीमों को किया जाएगा सक्रिय

कलेक्टर सोमवार को समयावधि पत्रों की बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी रैपिड रिस्पांस टीमों को सक्रिय किया जाए। एसडीएम अपने क्षेत्र की आरआरटी की बैठक लेकर दिशा निर्देशित करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## आदिवासी हितग्राहियों के ऋण प्रकरण दो दिवस में स्वीकृत करें

बैठक में कलेक्टर ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना में आदिवासी हितग्राहियों को वाहन दिलवाने के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दो दिवस में उनके ऋण प्रकरणों को स्वीकृति दिलवाए। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री एस.एच. चौधरी को तत्परता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बताया गया कि शासन द्वारा आदिवासी हितग्राहियों को ऋण प्रकरणों में मार्जिन मनी उपलब्ध कराई जा रही है।

## अधूरे बाजना रोड के लिए टेंडर हुए

बैठक में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा रतलाम-बाजना के अधूरे रोड निर्माण को पूर्ण करने के लिए आवश्यक निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए। विभाग के सहायक यंत्री श्री राय ने बताया कि बाजना रोड के बचे हुए लगभग 5.50 किलोमीटर हिस्से के निर्माण हेतु टेंडर प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। लगभग 16 करो? रुपए के टेंडर को मंजूरी के लिए शासन को भेजा गया है। शासन से मंजूरी मिलते ही ठेकेदार द्वारा कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा जिले के बाजना-रावटी रोड सुधार के लिए भी पीएमजीएसवाई के महाप्रबंधक श्री आर.एस. तोमर तथा पीडब्ल्यूडी अधिकारी को उक्त सड़क का भ्रमण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

## कृषि विभाग का कर्मचारी करेगा प्राइवेट दुकानों पर उर्वरक वितरण की निगरानी

बैठक में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिले में यूरिया सहित अन्य उर्वरकों की उपलब्धता की समीक्षा की गई। उपसंचालक कृषि श्री चौरसिया द्वारा बताया गया कि जिले में दो हजार मैट्रिक टन यूरिया वर्तमान में उपलब्ध है, एक-दो दिन में और भी रेक आ रहे हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यूरिया की कालाबाजारी नहीं हो। किसानों को निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित हो। जिले में प्राइवेट दुकानों द्वारा बेचे जाने वाले उर्वरक की निगरानी के लिए विभाग अपने कर्मचारियों की ड्यूटी दुकानों पर लगाएं।

## कमजोर प्रगति पर कलेक्टर नाराजग

वैक्सीनेशन की समीक्षा में कलेक्टर ने बाजना क्षेत्र में कमजोर प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। एसडीएम श्रीमती कामिनी ठाकुर को सख्ती से निर्देशित किया कि बाजना क्षेत्र में अपेक्षित प्रगति लाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 1 लाख 13 हजार व्यक्तियों का वैक्सीनेशन अभी ड्यू चल रहा है। हम प्रत्येक सप्ताह 1 लाख के आसपास टीकाकरण कर रहे हैं। इस सप्ताह भी 1 लाख टीकाकरण किया जाना है। एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत ने बताया कि रतलाम शहर में सोमवार को 30 टीमें लगाई गई हैं, इनमें 18 मोबाइल वाहन दल तथा 12 वैक्सीनेशन सेंटर है।

## सेमलिया नल-जल योजना में ठेकेदार पर कार्रवाई के दिए निर्देश

बैठक में कलेक्टर द्वारा जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की नल जल योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम सेमलिया में ठेकेदार द्वारा कार्य में ढिलाई बरतने की जानकारी दी जाने पर कलेक्टर ने ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने, उसको ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। धबाईपाड़ा नल जल योजना के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री पी.के. गोगादे द्वारा बताया गया कि उक्त योजना में विद्युत कार्य चल रहा है, कलेक्टर ने कार्य निरीक्षण के निर्देश दिए।

नवभारत

नवभारत 7/12/21

# अब उपायुक्त सोलंकी करेंगे नामांतरण, प्रकरणों की पेंडेंसी निपटाने की चुनौती

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम में अब उपायुक्त विकास सोलंकी नामांतरण करेंगे। सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया के तबादले के बाद आयुक्त सोमनाथ झारिया ने व्यवस्था बदलते हुए उपायुक्त को राजस्व और संपत्तिकर विभाग का अधिकारी बना दिया है।

उपायुक्त के सामने महीनों से लंबित 400 से ज्यादा नामांतरण प्रकरण निपटाने की चुनौती है। सोमवार को चार्ज लेने के साथ ही उपायुक्त एक्शन में आ गए हैं। उन्होंने संपत्तिकर विभाग के कर्मचारियों को साफ कह दिया है कि सारे नामांतरण प्रकरणों को समय सीमा में निपटाया जाए। बताया जा रहा है कि नामांतरण प्रक्रिया को तेज करने के लिए उपायुक्त एक-दो कर्मचारियों की टेबल भी बदल सकते हैं। बता दें कि इसके पहले संपत्तिकर विभाग की बागडोर सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया टेबल लिपिकों द्वारा भेजी गई फाइलों पर कभी समय पर हस्ताक्षर नहीं करती थी। इस कारण नामांतरण प्रकरणों की पेंडेंसी 420 से भी ज्यादा हो गई थी। दैनिक भास्कर द्वारा इसका खुलासा करने के बाद 26 नवंबर को नगरीय विकास एवं आवास विकास ने सुनारिया का तबादला बुरहानपुर नगर निगम में कर दिया था। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने उन्हें 30 नवंबर को रिलीव कर दिया था। इसके बाद से संपत्तिकर विभाग के अधिकारी का पद खाली था।

## संबल योजना आयुषी संभालेंगी

इसके अलावा भी आयुक्त ने दो अधिकारियों के कार्यभार में बदलाव किया है। कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास को लोक सूचना विभाग की अतिरिक्त जवाबदारी दी गई है। वहीं समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी आयुषी पालीवाल को समस्त जन कल्याणकारी योजना, संबल योजना और श्रमिक पंजीयन का दायित्व सौंपा है। उनका सहायक लेखापाल जगदीश पांचाल को बनाया गया है।

दै. भास्कर 7/12/21